पूर्व मध्य रेल

कार्यालय
मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
समस्तीपुर

अधिसूचना : –

विषयः– 33⅓% कोटे के अन्तर्गत वाणिज्य विभाग के वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक (Commercial cum Ticket Clerk), वेतन लेवल–3 (ग्रेड पे–2000) के पद पर चयन के संबंध में।

समस्तीपुर मंडल स्थित वाणिज्य विभाग के वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक (Commercial cum Ticket Clerk), वेतन लेवल – 03 (ग्रेड पे 2000) के 33⅓ % कोटे की रिक्तियों को वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के वेतन लेवल–01 एवं लेवल–2 (ग्रेड पे–1800 एवं ग्रेड पे–1900) में सेवारत कर्मचारियों से सामान्य चयन (General selection) के द्वारा भरे जाने का विनिश्चय किया गया है।

1. **रिक्तियों का विवरण – कुल 61 पद (सामान्य–47, अजा–09 एवं अजजा–05)**
2. **पात्रता की शर्तें**

(I) वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के वेतन लेवल–1 एवं वेतन लेवल–2 (ग्रेड पे–1800 एवं ग्रेड पे–1900) में कार्यरत कर्मचारी सफाईवाला सहित जो अधिसूचना जारी होने की तिथि को 02 वर्षो की नियमित सेवा पूरी कर चुके है, वे इस चयन हेतु आवेदन दे सकते है। (RBE सं0 16/2021 दि0 04.03.2021)

(II) सिर्फ मूल पदनाम वाले कर्मचारी ही पात्र माने जायेंगे यदि वे अन्य शर्तो को पूरा करते हों। प्रतिनियुक्ति या अस्थाई व्यवस्था के तहत तैनात कर्मचारी जिनका लियन इस मंडल के वाणिज्य एवं परिचालन विभाग में नहीं है वे पात्र नहीं माने जायेंगे।

(III) चिकित्सा श्रेणी– अधिसूचित पद के लिये वांछित चिकित्सा श्रेणी C-I है ( भारतीय रेल चिकित्सा नियमावली खंड–। पैरा 510 अनुलग्न– iv)। अतः उपर्युक्त वर्णित कोटियों के ऐसे कर्मचारी, जो C-I चिकित्सा कोटि में पूर्व में अनफिट हो चुके हैं, वैसे कर्मचारी पात्र नहीं माने जायेंगे।

(IV) **शैक्षणिक योग्यताः**– न्यूनतम आठवां पास होना अनिवार्य है। (अभ्यर्थी शैक्षणिक प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करें)

3. **चयन की प्रकियाः–**

(क) **अकों का निर्धारण–**

**लिखित परीक्षा – 85 अंक**
**सेवा अभिलेख – 15 अंक**
**लिखित परीक्षा की अवधि 02 (दो) घंटा।**

(ख) आर0बी0ई0 सं0–196/2018 दिनांक 14.12.2018 के प्रावधानो के अनुसार सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे।

(ग) प्रश्नों के उत्तर में किसी प्रकार के सुधार की अनुमति नही दी जायेगी जैसे– काटना, ओवर राइटिंग, लिखा हुआ मिटाना, एक बार दिया गया उत्तर काट देना या अन्य उत्तर को टिक करना, किसी भी प्राकर से उत्तर परिवर्तन करना इत्यादि। सुधार किया गया उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।

(घ) कुल प्रश्नों का 10% प्रश्न राजभाषा से होगा, जिसका उत्तर अनिवार्य नही होगा।

(ड) चूँकि वरीयता का अंक निर्धारित नहीं है फिर भी नामिका वरीयतानुसार बनायी जाएगी।

4. **पाठ्यक्रमः**– सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एंव बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी भाषा का ज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित का ज्ञान एवं रेलवे मामलों से सम्बन्धित किए जानेवाले कार्यो के ज्ञान की जॉच से सम्बन्धित होगी।

5. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः**– इस मंडल के वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के वेतन लेवल–1 एवं वेतन लेवल–2 (ग्रेड पे–1800 एवं ग्रेड पे–1900) के कर्मचारी जो उक्त पात्रता की शर्तो को पूरा करते है और चयन परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक है, वे निर्धारित आवेदन प्रपत्र, जो संलग्न है, को पूर्ण रूपेण भरकर अपने नियंत्रक अधिकारी के कार्यालय में दिनांक **30.04.2021** तक जमा कर सकते हैं। सभी संबंधित नियंत्रक अधिकारियों से आग्रह है कि सभी आवेदन को एक साथ इस प्रमाण पत्र के साथ की **"अब कोई आवेदन इस कार्यालय में शेष नहीं है"** दिनांक **07.05.2021** तक विशेष पत्रवाहक

24/3/2021

के द्वारा कार्मिक विभाग के पावती अनुभाग (EGRS Section) में जमा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अवधि के बाद कोई भी आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

6. चुँकि अधिसूचित पद गैर संरक्षा कोटि का पद है, अतएव इस मामले मे अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए प्री–कोचिंग अनिवार्य नहीं है।
7. अनु0 जाति/अनु0जनजाति के उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में इस बात को स्पष्ट करेंगे कि वे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्य हैं (सत्यापित जाति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें)।
8. अन्य स्थानों पर कार्यरत मद सं0 2. (I) में वर्णित कोटि के ऐसे कर्मचारी जो वेतन लेवल–I एवं वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन–1800 एवं ग्रेड वेतन–1900) में कार्यरत हों तथा जिनका लियन समस्तीपुर मंडल में निर्धारित है, वो भी अपने नियंत्रक अधिकारी के माध्यम से निर्धारित तिथि तक आवेदन इस कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
9. इस सामान्य चयन में नामिका सफल अभ्यर्थियों में से वरीयता के आधार पर बनाई जायेगी।
10. पात्र अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा के लिये आवश्यक अनुदेश– परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा ब्लैक/ब्लू बाल पेन का प्रयोग किया जाएगा। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार का कदाचार या अन्य अशोभनीय कार्य की अनुमति नहीं होगी। इस तरह के हरकत के लिये अनुशानिक कार्यवाई की जायेगी।
12. सभी सम्बंधित से अनुरोध है कि अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर इसे लगाने तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे। निर्धारित समय पर इच्छुक कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण जॉच पड़ताल के बाद प्रमाणित करेंगे कि एक, दो, तीन, चार या पॉच आवेदन संलग्न है और कोई आवेदन छुटा/शेष नहीं है।
13. इस अधिसूचना को समस्तीपुर मंडल के कार्मिक विभाग के प्राधिकृत वेबसाईट पर भी अवलोकित किया जा सकता है।
14. आवेदन निर्धारित प्रारूप पर ही स्वीकार होंगे।

आवेदन का प्रारूप संलग्न है।

(मनोज कुमार चौधरी )
सहायक कार्मिक अधिकारी –I
कृते मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
समस्तीपुर

संख्या : का/II/254/वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक/33⅓%/2021 दिनांक : 24.03.2021

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

01. वमवाप्र/सम0
02. वमपचाप्र/सम0
03. मुख्य कार्याधी/सामान्य, वमवाप्र/सम0 एवं वमपचाप्र/सम0
04. सभी स्टेशन अधीक्षक, यातायात निरीक्षक, वाणिज्य निरीक्षक, सीटीटीआई एवं सीआईटी/समस्तीपुर मंडल ।
05. मुख्य गाड़ी नियंत्रक/वाणिज्य नियंत्रक/समस्तीपुर–कृपया उक्त सूचना सम्बन्धित पर्यवेक्षको को देवें ।
06. मंडल मंत्री/ईसीआरकेयू, ओबीसी, एवं अजा/अजजा एशो0 समस्तीपुर मंडल ।
07. कार्याधी– एमपीपी सेल(कार्यालय में)– कृपया इसे रेलवे के वेव साईट पर अपलोड करें ।
08. नोटिस बोर्ड ।

24/3/2021

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक)
समस्तीपुर

# विकल्प का प्रारूप

पर्यवेक्षक द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साइज का फोटो

सेवा में,
मंडल रेल प्रबन्धक(कार्मिक),
पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर।

विषय : $33\frac{1}{3}$ % कोटे के अन्तर्गत वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक (Commercial cum Ticket Clerk) वेतन लेवल–03 (ग्रेड पे 2000) के पद पर चयन।
संदर्भ : आपका अधिसूचना सं0 : का/ ।।/254/वाणिज्य–सह–टिकट लिपिक/ $33\frac{1}{3}$%/2021 दिनांक 24.03.2021

---

आपके संदर्भित अधिसूचना के आलोक में उपरोक्त प्रकरण में सम्मिलित होने के लिए मैं अपना विकल्प देता/देती हूँ । मेरा सेवा विवरणी निम्नलिखित है :–

01. नाम :
02. पिता/पति का नाम :
03. पदनाम :
04. जन्म तिथि :
05. नियुक्ति तिथि(अस्थायी दर्जा सहित) :
06. नियमितिकरण की तिथि(यदि कोई हो) :
07. वेतन लेवल/ग्रेड पे (मूल पद पर) :
08. वेतन लेवल/ग्रेड पे (यदि एमएसीपी के तहत् दिये गये हो) :
09. विभाग/कार्यस्थल :
10. सेवा अवधि (अधिसूचना निर्गत होने की तिथि तक) :
11. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रति संलग्न करें) :
12. अन्य योग्यता (यदि कोई हो) :
13. समुदाय (अजा/ अजजा यदि हो तो, सत्यापित प्रति संलग्न करे) :
14. पुरस्कार एवं सजा (विगत् तीन वर्षों का विवरण ) :
15. चिकित्सा श्रेणी :

नोट – सभी प्रमाण–पत्रों की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है

स्थान : आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर
दिनांक :

आसन्न पर्यवेक्षक का हस्ताक्षर
नाम :
पदनाम :
तिथि :